






# शहर सहित जिले भर में फल फूल रहा शराब का अवैध कारोबार

## ठेका बदलने के बाद तेजी से बढ़ा अवैध कारोबार, रोक लगाने में नाकाम आबकारी और थानों की पुलिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, शहर सहित जिले भर में अवैध शराब का कारोबार फूल-फूल रहा है. जिस पर रोक लगाने आबकारी और थानो की पुलिस नाकाम साबित हो रही है या फिर यह कहा जाय कि इन्ही के संरक्षण में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है. जब से ठेका बदला तो शराब ठेकेदार कमाई करने शराब की कीमते तो कम कर रहे है लेकिन शहर के मोहल्लो और गांवो में जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री भी करा रहे है.**




जानकारो की माने तो शराब का ठेका बदलने के बाद अवैध शराब की बिक्री और तेज हो गई है. जहा दुकानो में शराब ठेकेदार कम दामों पर शराब की बिक्री करा रहे है तो वही शहर के मोहल्लो में कई जगहो पर अवैध शराब की बिक्री हो रही है. घोघर में ईदगाह ट्रांसपोर्ट के पास कुछ युवको द्वारा शराब की अवैध बिक्री की जा रही है. यह अवैध कारोबार आज से नही बल्कि पिछले कई महीनो से चल रहा है. गली के अंदर से निकल कर ग्राहको को सड़क पर शराब की बोतले थमाई जा रही है. इसकी जानकारी पूरे क्षेत्र के लोगो को है तो क्या पुलिस और मुखबिर को नही है. इसके अलावा घोघर के कई और ऐसे मोहल्ले है जहा अवैध शराब की बिक्री हो रही है.

इसी तरह शहर के निपनिया, रौसर, बिछिया, कबाड़ी मोहल्ला, धोबिया टंकी, बाणसागर, समान तिराहा सहित अन्य कई ऐसे क्षेत्र है जहा शराब की अवैध बिक्री सस्ते दामों पर की जा रही है. यही वजह है कि शराब ठेकेदार में आये दिन इस अवैध कारोबार को लेकर विवाद की स्थित बनती है.

### गुढ़ क्षेत्र में अवैध शराब का जाल

गुढ़ क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार ने विकराल रूप ले लिया है, आरोप है कि आबकारी विभाग के कथित संरक्षण में गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है. वित्तीय वर्ष के पहले माह अप्रैल से ही नए ठेकेदार के कथित गुर्गों द्वारा गुढ़ की दो दुकानों सहित दुआरी, पुरवा और मनिकवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग पच्चीस गांवों में बिना नंबर वाहनों के जरिए अवैध पैकारी का जाल बिछा दिया गया है. स्थिति यह बन गई है कि अब लोगों को शराब लेने के लिए दुकान तक जाने की आवश्यकता नहीं, बल्कि उनके गांव और आसपास ही आसानी से शराब उपलब्ध कराई जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध कारोबार के चलते क्षेत्र में विवाद, झगड़े और अप्रिय घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. बदवार, बरसैंता, जरहा, ईटार, पड़रिया, खझवा, चौड़ियार, पड़ेरुआ, हरदी, बेला और हरदुआ सहित कई गांवों में खुलेआम अवैध शराब बिक्री होने की शिकायतें सामने आ रही हैं. ग्रामीणो ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस अवैध कारोबार पर कार्यवाही के साथ रोक लगाने की मांग की है.



## उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य का किया अवलोकन गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, लक्ष्मणबाग परिसर से लगी भूमि में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माण स्थल पहुंचकर कार्य का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए.**

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा 45.79 करोड़ रूपये की लागत से बनाए जा रहे विश्वविद्यालय भवन के प्रशासनिक ब्लाक में सेमिनार हाल के साथ ही आफिस, एकाउण्ट सेक्शन, प्लेसमेंट सेक्शन तथा रिकार्ड रूम का निर्माण कराया जाएगा. इसी प्रकार अकादमिक ब्लाक में 12 अध्ययन कक्ष, 4 प्रोफेसर कक्ष तथा एक कम्प्यूटर लैब का निर्माण किया जाएगा. साथ ही 50 सीटर कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य भी आरंभ हो गया है. विश्वविद्यालय में बालक छात्रावास का निर्माण भी कराया जाएगा. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निरीक्षण के दौरान कार्ययोजना का निरीक्षण करते हुए पूरी गुणवत्ता के साथ निश्चित समय सीमा में कार्यों को कराने के निर्देश दिए. उन्होने कहा कि गुणवत्ता में किसी तरह की लापरवाही न की जाय. इस अवसर पर विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति, उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### विद्युत चोरी करते पकड़े गए 19 उपभोक्ता



**रीवा,** त्योंथर संभाग अंतर्गत त्योंथर टाउन में कार्यालय अभियंता आशीष बैन के निर्देश पर मास चेकिंग की गई. चेकिंग में सहायक अभियंता संजय गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता मनीष सिंह, कनिष्ठ अभियंता पीयूष चतुर्वेदी और अन्य विभाग का स्टाफ था. 56 उपभोक्ताओं की जांच की गई जिनमे 19 उपभोक्ताओं ने मीटर बाईपास / कटिया से चोरी करते पाए गए. उन सभी उपभोक्ताओं पर धारा 135 चोरी का केस बनाया गया. लगभग 7 लाख का राशि का जुर्माना लगाया गया है. उक्त कार्यवाही से हाहाकार मच गया. कार्यपालन अभियंता आशीष बैन ने बताया कि और भी टाउन एरिया में मास चेकिंग की जावेगी.

### बैठक में सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा

**रीवा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा रीवा की बैठक संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में सदस्यता अभियान चलाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया साथ ही कार्यालय में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की जाने वाले विस्तृत चर्चा कर सहयोग राशि प्रदान किये जाने बावत् सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया. बैठक में रामगोपाल मिश्रा, उमाकान्त तिवारी, न्याजुल्ला खांन, राजकिशोर तिवारी, एल.पी. गौतम, विश्नाथ सोधिया, जगन्नाथ वर्मा, अमीरूल्ला खान, वली मोहम्मद, आदि सदस्य उपस्थित रहें.

### कर बकाया भुगतान के अधिभार में मिलेगी छूट

**रीवा,** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 दिन शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2025-26 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जाएगी. लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय के साथ साथ चारो जोन कार्यालयों में भी सुबह 10 बजे से 6 बजे तक किया जावेगा. सम्पत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को नोटिस देकर राशि जमा करने की सूचना दी गई है. जो बकायादार लोक अदालत के माध्यम से सम्पत्तिकर व अन्य करों का भुगतान नही करेंगे उनके विरूद्ध नगर निगम द्वारा तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है. साथ ही वर्तमान में स्वयं के निवास का संपत्तिकर जमा करने पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जिसे लोक अदालत के माध्यम से आमजनता नगर निगम के बकाया करों का भुगतान सरलता से कर सकती है. निगम आयुक्त अक्षत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया करों का निपटान करें, जिससे अधिभार के साथ वैधानिक कार्रवाई से भी बचा जा सके. लोक अदालत नगर पालिक निगम कार्यालय टाऊन हाल पर आयोजित होगी, जहां करदाता अधिभार में छूट का फायदा उठा सकते हैं.




### हनुमना में हुई रेडक्रॉस की वार्षिक आमसभा की बैठक

**मऊगंज,** हनुमना एसडीएम कार्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी उपशाखा हनुमना द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट की जयंती के उपलक्ष्य में वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित की गई. रेडक्रॉस हनुमना के अध्यक्ष एसडीएम राजेश मेहता द्वारा समस्त विभागों से रेडक्रॉस को सहयोग प्रदान किए जाने के लिए निर्देशित किया गया. रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन रघुनाथ सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा सहित अन्य विभागों के सहयोग से कार्य किया जाएगा. बैठक में स्वास्थ्य कैंप, पोषण के प्रति जागरूकता, जूनियर रेडक्रॉस आदि विषय में विस्तार से चर्चा की गई. महिला एवं बाल विकास के विकासखंड समन्वयक एवं जिला प्रतिनिधि सर्वेश सिंह गहरवार ने रेडक्रॉस की समस्त जानकारी विभागीय अधिकारियों एवं आजीवन सदस्यों को दी. नवीन कार्यकारिणी के गठन के साथ बैठक का समापन हुआ. बैठक में सीईओ जनपद एवं तहसीलदार शिवम गौतम, नगर परिषद अधिकारी अरुण त्यागी, बीएमओ नागेंद्र मिश्रा, परियोजना अधिकारी शंखधर त्रिपाठी, सविता श्याम, रेडक्रॉस रीवा के सदस्य उमेश कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य रामकृष्ण मिश्रा, आरआर शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

## लोक अदालत में आज आपसी समझौते से होगा प्रकरणों का निराकरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आज 9 मई को जिला न्यायालय रीवा सहित सभी तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा.**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस अदालत में पक्षकारों को अपने पुराने विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का सुनहरा अवसर मिलेगा. लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिए 47 खण्डपीठों का गठन किया गया है. यह खण्डपीठें जिला न्यायालय रीवा सहित तहसील न्यायालय त्योंथर, सिरमौर, मऊगंज, हनुमना और मनगवां के लिए गठित की गई हैं.

लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), चेक बाउंस, श्रम, भू-अर्जन और नगर पालिका निगम से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा. साथ ही बैंकों के ऋण वसूली से जुड़े प्री-लिटिगेशन मामलों को भी इसमें शामिल किया गया है.

लोक अदालत विद्युत विभाग से जुड़े प्रकरणों में शासन द्वारा छूट दी जाएगी, जिसका लाभ लंबित और प्री-लिटिगेशन दोनों तरह के मामलों में उठाया जा सकता है. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी पक्षकारों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं.



## सकरवट गांव में कलेक्टर ने लगाई ग्राम चौपाल, जमीन में बैठकर सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने रीवा जनपद के ग्राम सकरवट में देर शाम ग्राम चौपाल लगाई तथा जमीन में बैठकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं. ग्रामवासियों ने भी कलेक्टर को एक-एक कर गांव की समस्याएं बताई जिनका कलेक्टर ने समाधान कारक निराकरण करने का आश्वासन दिया.**

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने व जमीनी हकीकत को परखने के लिए सीधे संवाद करने मैं आपके गांव आया हूँ. आप बेहिचक अपनी सभी समस्याएं बता सकते हैं ताकि गांव में संचालित विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का समुचित ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा सके और लोगों को इनका लाभ मिल सके.

ग्राम चौपाल कार्यक्रम में सकरवट के रहवासियों ने गांव में सड़क की समुचित व्यवस्था न होने की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट किया. जिस पर कलेक्टर ने जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया. ग्राम चौपाल में कलेक्टर ने स्थानीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र से मध्यान्ह भोजन प्राप्त होने तथा कक्षाओं के नियमित संचालन की बात पूछी. विद्यार्थी ने बेहिचक कलेक्टर के सवालों का जवाब दिया. ग्राम चौपाल में विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.

## नईगढ़ी के अकौरी में रोका गया बाल विवाह

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 8 मई, नईगढ़ी के अकौरी में होने जा रहा बाल विवाह रोक दिया गया है. साथ ही परिवार को दोबारा ऐसा न करने की समझाइश दी गई.**



कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश में बाल विवाह रोकथाम के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की गई. कार्रवाई के दौरान जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष कुमार शुक्ला एवं विभागीय पर्यवेक्षक दुर्गा मरावी सहित टीम मौके पर उपस्थित रही. टीम ने संबंधित परिवार को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा इसके कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए समझाइश दी. समझाइश के बाद परिवार ने बाल विवाह न करने पर सहमति जताई, जिसके पश्चात मौके पर पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की गई. साथ ही संबंधित परिवार को कहा गया कि अगर बाल विवाह किया गया तो कठोर कार्यवाही होगी. प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों की तत्परता से बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोक दिया गया.

### नालियों की सफाई और दवा छिड़काव न होने से बढ़े मच्छर

**रीवा, 8 मई,** नगर निगम अन्तर्गत आने वाले वार्डो में नालियों की सफाई और दवा का छिड़काव न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है. वार्ड क्रमांक 32, 34, 35 सहित ऐसे कई वार्ड है जहा खुली नालियों की सफाई तो कर्मचारी कर देते है लेकिन बंद नालियां है उन पर कभी ध्यान नही देते. जिसके चलते नालियां पट गई है और गन्दगी से मच्छरो का प्रकोप बढ़ गया है. यही वजह है कि वार्ड के लोग मच्छरों से परेशान है.

## प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करने कलेक्टर की कार्यवाही सही : खरे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, शेषमणि शुक्ला, नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट एवं गीता महंत ने कहा कि बिगड़ी प्रशासनिक व्यवस्था दुरूस्त करने कलेक्टर की कार्यवाही सही है.**

जिले में लंबे समय से बिगड़ी प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर नवागत कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के द्वारा इधर कुछ सख्त क़दम उठाते ही जिस तरह उनका विरोध शुरू हो गया, वह सही नज़र नहीं आ रहा. देखने को मिल रहा है कि विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में कार्यालयीन समय पर अपनी सीटों पर समय पर उपस्थित नहीं रहते हैं, जिससे पीड़ित जन न्याय के लिए भटकते रहते हैं. शासकीय कर्मचारियों को आकस्मिक अवकाश अर्जित अवकाश एवं मेडिकल अवकाश सुविधा होने के बावजूद अवकाश अर्जी बिना कार्यालय से अनुपस्थित रहना बहुत आपत्तिजनक बात है. कलेक्टर कार्यवाही से लंबे समय से एक ही जगह पर जमे हुए, मलाई खाने वाले ऐसे कर्मचारियों को झटका लगा जो कामचोरी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, जिनसे आम जनता बुरी तरह त्रस्त है. प्रशासनिक कसावट आना बेहद जरूरी है, इससे आम जनता को राहत के अवसर मिलेंगे.

## वार्डों का भ्रमण कर निगम आयुक्त ने लिया स्वच्छता का जायजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, निगम आयुक्त अक्षत जैन ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 07, 08, 17, 18, 34 एवं 35 में साफ-सफाई, कचरा उठाव तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही स्वच्छता सेवाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों एवं



कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शहर में प्रत्येक स्तर पर विजिबल क्लीननेस सुनिश्चित की जाए तथा मुख्य मार्गों, अंदरूनी गलियों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए. उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी वार्डों में नोडल अधिकारियों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए. उन्होंने सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का विशेष रूप से निरीक्षण कर वहां नियमित सफाई, पर्याप्त पानी की उपलब्धता एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए. साथ ही शौचालय परिसरों की समय-समय पर धुलाई एवं सैनिटाइजेशन सुनिश्चित करने को कहा. भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक तोमर, सहायक नोडल एसबीएम अपूर्वा चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

## कृषि महाविद्यालय रीवा को बीज उत्पादन में प्रथम स्थान मिला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके त्रिपाठी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में चल रहे बीज उत्पादन कार्य जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के सभी प्रक्षेत्रो में कृषि महाविद्यालय रीवा को वर्ष 2025 मे बीज उत्पादन मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है.**

महाविद्यालय प्रक्षेत्र के इनचार्ज डॉ ब्रजेश कुमार तिवारी को महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा एसके त्रिपाठी एवं सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा रघुराज किशोर तिवारी, डा वीके सिंह विभागाध्यक्ष उद्यान, डा जीडी शर्मा, विभागाध्यक्ष मृदा विज्ञान द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया. उत्कृष्ट कार्य के लिए डा बीएम मौर्य, विभागाध्यक्ष सस्य विज्ञान, डा आरपी जोशी, विभागाध्यक्ष, पादप प्रजन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डा एके पांडेय, डा. अखिलेश कुमार, डा. एस एम कुर्मबंशी, डा. गुफारान उस्मानी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

## अभ्यर्थी 11 तक कर सकते हैं आवेदन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को सैन्य और सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तैयार करने के लिए महत्वाकांक्षी पहल शुरू की गई है.**

इस संबंध में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि जिले में शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 का आगाज़ किया जा रहा है. योजना के तहत रीवा जिले से कुल 200 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, इच्छुक अभ्यर्थी इस योजना का लाभ उठाने के लिए 11 मई तक आवेदन कर सकते हैं, जिसके तुरंत बाद 12 मई से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया जाएगा.

## उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए रीवा के समाजसेवियों का राज्यपाल ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 मई, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन भोपाल में समारोह का आयोजन किया गया.**



समारोह में प्रदेश में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले समाजसेवियों एवं चिकित्सकों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर रेडक्रॉस रीवा के चेयरमैन एवं लायंस नेत्र चिकित्सालय रीवा के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, लायंस नेत्र चिकित्सालय के उपाध्यक्ष अतुल जैन तथा वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. के.के. परौहा को विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मध्यप्रदेश मंगूभाई पटेल द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे एवं जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे.